Doon Valley Officers Cooperative Housing Society Limited
(Regd. Under Co-operative Societies Act II of 1912, Reg. No. 723 dated 07-06-1966)
Vasant Vihar, Chakrata Road,
Dehradun 7668441801

Ref.No:- 1069/DVOCHSL/61 दिनांकः 16 .11.2022

सेवा में,

समस्त सदस्य
दून वैली ऑफिसर्स कोऑपरेटिव
हाउसिंग सोसाईटी लिमिटेड, वसन्त विहार
देहरादून

विषयः पालतू कुत्तों के रखरखाव के संबंध में दिशा निर्देश।

1. हम सब पढ़े लिखे नागरिक तथा सोसायटी के जिम्मेदार सदस्य हैं। अतः सोसायटी क्षेत्र को साफ–सुथरा रखना हम सब की व्यक्तिगत एवं सामूहिक जिम्मेदारी है।

2. सोसायटी क्षेत्र में सड़क एवं फुटपाथ के समीप कुत्तों का मल यत्र–तत्र बिखरा रहता है जिससे सोसायटी क्षेत्र की स्वच्छता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

3. पालतु कुत्तों के मालिकों से नम्र निवेदन है कि वे कृपया सोसायटी क्षेत्र को साफ रखने की दृष्टि से कुत्ते के मल को Poop Picker की मदद से उठा कर अपने घर में गड्ढा कर उसमें दबाने का कष्ट करें। बाजार में तथा Online कई प्रकार के Poop Picker उपलब्ध हैं। आपका सहयोग सभी के हित में होगा। आपका शौक किसी अन्य रहवासियों के लिए परेशानी का कारण नहीं बनना चाहिए।

4. नगर निगम देहरादून के अनुसार पालतू पशुओं को घर में रखने के लिए नगर निगम से लायसेंस लेना कानूनन आवश्यक है। बिना लियसेंस पालतू पशु रखने पर 500/– से 5000/– तक का जुर्माना किये जाने का प्रावधान है।

5. (a) पालतू कुत्ते को साफ–सुथरा एवं स्वस्थ रखा जाये एवं उसका पूर्ण Vaccination समय से किया जाये।

(b) पालतू कुत्ते का स्वास्थय कार्ड (Health Card) बनायें जिसमें टीकाकरण का पूर्ण विवरण हो।

6. सोसायटी क्षेत्र में कुत्ता घुमाते समय यह ध्यान रखें कि वह पूर्ण नियंत्रण में हो ताकि सोसायटी के अन्य घूमने वालों को उनसे किसी प्रकार का खतरा न हो।

7. पालतू कुत्तों के मालिक कृपया इस बात का ध्यान रखें कि कुत्ते/कुत्तों का भौंकना अन्य सदस्यों विशेषकर पड़ोसियों के लिए परेशानी (Nuisance) का कारण न बने।

कृपया उक्त निर्देशों से अपने नौकरों/सहायकों को भी अवगत करायें। समिति के समस्त सदस्य आपके सक्रिय सहयोग की अपेक्षा करते हैं तथा आपके सहयोग के लिए समिति आपकी आभारी रहेगी।

सधन्यवाद,

देवेन्द्र

सचिव

Secretary
Doon Valley Officer Co-op
Housing Society Ltd Dehradun

This Letter has been forwarded to WhatsApp ABCD and Delegate Group on 16.11.2022 at